दैनिक
न्याय साक्षी

# खबरें खास



## महत्वपूर्ण एवं खास

### रसोईये की नौकरी लगाने के नाम पर पड़ोसी महिला के साथ ठगी

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** थाना कापू में सरिता जांगडे पिता ढुढवा राम नारंगे उम्र 24 साल सा.कापू माझापारा रिपोर्ट दर्ज करायी कि इसकी पडोस में रहने वाली श्रीमती उमा नारंगे पति स्व.फुलेश्वर निवासी मांझापारा कापू वर्ष 2013 में इसे बोली कि अभी रसोईया का पद निकलने वाला है यदि उसमें नौकरी करना चाहती हो तो पैसा लगेगा। तब उसकी बातों में आकर सरिता जांगडे पहले 19,000 रूपये और कुछ दिनों बाद फिर उमा नारंगे द्वारा पैसे मांगने पर 20,000 हजार रूपये कुल 39,000 रूपये दी। सरिता जांगडे को जानकारी हुआ कि इसके आलावा सुनिता एक्का, खीरतोपाल नि.सलाईनगर, अनिता एक्का, दिलीप एक्का नि.पत्थलगांव, दिनेश टोप्पो, निर्मला टोप्पो नि.उलरिया सीतापुर, मनोज टोप्पो चिकनीपानी, सरिता भगत निवासी केराकछार, निर्मला कुर्रे नि.कापू से भी नौकरी लगाने के नाम पर पैसा लिया है लेकिन आज तक किसी का नौकरी नहीं लगायी है और न ही किसी का पैसा वापस की है। जिसके बाद सरिता द्वारा थाना में रिपोर्ट दर्ज कराया गया , रिपोर्ट पर उमा नारंगे के विरूद्ध अप.क्र. 94/19 धारा 420 ता.हि. पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

### मेसर्स गुरूश्री इण्डस्ट्रीज लिमिटेड के उद्योग परिसर में विद्युत प्रवाह बंद

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** मेसर्स गुरूश्री इण्डस्ट्रीज लिमिटेड, ग्राम-पाली, पो.गेरवानी जिला-रायगढ़ के द्वारा जल एवं वायु संरक्षण अधिनियम के प्रावधानों का उल्लंघन किए जाने के कारण 30 सितम्बर 2019 को पर्यावरण संरक्षण मंडल रायगढ़ छ.रा.विद्युत वितरण कंपनी रायगढ़ विद्युत निरीक्षक रायगढ़ के अधिकारियों एवं उद्योग के प्रतिनिधि की उपस्थिति में मेसर्स गुरूश्री इण्डस्ट्रीज लिमिटेड पाली का लोकहित में उद्योग परिसर में विद्युत प्रवाह बंद करने के लिए विद्युत विच्छेदन की कार्यवाही किया जाकर उपस्थित अधिकारियों द्वारा पेपर सील की गई है।

### आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका पद के लिए 7 अक्टूबर तक दावा-आपत्ति आमंत्रित

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** एकीकृत बाल विकास परियोजना रायगढ़ शहरी अंतर्गत आंगनबाड़ी केन्द्र वार्ड क्रमांक 30 बाजीनपालीमहरापारा तथा बाजीरावमहरापारा तथा वार्ड क्र.7 आंगनबाड़ी केन्द्र लक्ष्मीपुर में कार्यकर्ता पद एवं आंगनबाड़ी केन्द्र इंदिरा नगर वार्ड नं.7 एवं आंगनबाड़ी केन्द्र प्राचीविहार वार्ड नं. 27 में सहायिका पद के लिए तथा आंगनबाड़ी केन्द्र हटरी चौक वार्ड क्रमांक 17 में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता पद के लिए गत दिवस आवेदन आमंत्रित किया गया था। उक्त आवेदनों का मूल्यांकन समिति द्वारा जांच उपरांत अनंतिम मूल्यांकन पत्रक परियोजना कार्यालय के सूचना पटल पर चस्पा किया गया है। उक्त सूची के संबंध में किसी भी आवेदिका को कोई आपत्ति हो तो वे 7 अक्टूबर सायं 5 बजे तक एकीकृत बाल विकास परियोजना रायगढ़ शहरी कार्यालय में दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है।

### आंगनबाड़ी /मिनी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता तथा सहायिकाओं की रिक्त पदों के लिए 16 अक्टूबर तक आवेदन आमंत्रित

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** एकीकृत बाल विकास परियोजना कापू अंतर्गत आंगनबाड़ी/ मिनी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता तथा सहायिकाओं की रिक्त पदों के लिए 16 अक्टूबर को शाम 5 बजे तक आवेदन आमंत्रित किया गया है। इच्छुक आवेदिका कार्यालय परियोजना अधिकारी एकीकृत बाल विकास परियोजना कापू जिला-रायगढ़ में सीधे अथवा पंजीकृत डाक से आवेदन भेज सकते है। इस संबंध में अन्य विस्तृत जानकारी के लिए कार्यालय में कार्यालयीन दिवस में संपर्क कर सकते है।

### अतिथि शिक्षकों की नियुक्ति के लिए चयन समिति की बैठक 5 अक्टूबर को

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय छोटे मुड़पार वि.ख.खरसिया के रिक्त पदों की पूर्ति हेतु अतिथि शिक्षकों की नियुक्ति के लिए सहायक कलेक्टर की अध्यक्षता में 5 अक्टूबर 2019 को दोपहर 12 बजे से कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में चयन समिति की बैठक आहूत की गई है।

### लाईवलीहुड कॉलेज में निःशुल्क प्रशिक्षण प्रारंभ

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** रोजगार की आशा रखने वाले युवाओं हेतु मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना किसी वरदान से कम नहीं। इस योजना के अंतर्गत रायगढ़ जिले के लाईवलीहुड कॉलेज में संचालित प्रशिक्षण में होटल मैनेजमेंट, शोरूम होस्ट/होस्ट्स, डोमेस्टिक डाटा एंट्री आपरेटर, ऑफिस असिस्टेंट कोर्स में निःशुल्क प्रशिक्षण हेतु प्रवेश प्रारंभ हो चुके हैं। प्रशिक्षण हेतु न्यूनतम 10 वीं/12 वीं कक्षा उत्तीर्ण एवं आयु 18 वर्ष या अधिक होनी चाहिए। प्रशिक्षण पूर्णतः निःशुल्क होगी एवं गैर आवासीय प्रशिक्षण प्रदान किया जायेगा। जिसके उपरांत प्रशिणार्थियों को रोजगार सुनिश्चित करवाया जायेगा। इच्छुक युवक-युवतियां रोजगार कार्यालय रायगढ़ में समस्त दस्तावेजों के साथ पंजीयन करवा सकते हैं। अधिक जानकारी हेतु जिला रोजगार कार्यालय रायगढ़ या टोल फ्री नं 18002331133 में संपर्क कर सकते है।

## बरमकेला पुलिस की सट्टा-पट्टी तथा कापू पुलिस की आर्म्स एक्ट की कार्यवाही

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** बरमकेला पुलिस द्वारा बाजारपारा बरमकेला के पण्डा अग्रवाल अपने दुकान सामने बिहारी लाल अग्रवाल ऊर्फ पण्डा पिता काशीराम अग्रवाल उम्र 64 वर्ष साकिन बाजारपारा बरमकेला को सट्टा-पट्टी लिखने की सूचना पर रेड कर पकड़ा गया। जिससे एक लाईनदार कागज टुकडा में सट्टा पट्टी का विभिन्न अंक लिखा हुआ तथा अंको के सामने अंको में रूपया लिखा हुआ कुल 4905 रूपये लिखा हुआ था। आरोपी से उक्त सट्टा-पट्टी तथा नगदी रकम 2920 रूपये जप्त किया गया है।



एक अन्य सट्टा-पट्टी की कार्यवाही ग्राम लिंजिर में ऋषि कुमार पटेल पिता पूनाऊ पटेल उम्र 38 वर्ष ग्राम लिंजिर थाना बरमकेला के गल्ला किराना दुकान में दबिश देकर किया गया। ऋषि कुमार पटेल मोबाइल में वाट्सअप के जरिये सट्टा पट्टी ले रहा था जिसके पास से एक विवो स्मार्ट फोन , मोबाइल सट्टा पट्टी का प्रिंट आऊट तीन प्रति एवं हाथ का लिखा हुआ एक पट्टी तथा नगदी रकम 8785/- रूपये जप्त किया गया है।

वहीं थाना कापू के प्रभारी उप निरीक्षक एम.डी. जायसवाल द्वारा टाऊन पेट्रोलिंग दौरान सार्वजनिक स्थान विश्वास मेडिकल स्टोर के पास कापू के रणविजय सिंह पिता जगत पाल सिंह उम्र 23 साल सा.कापू को एक लोहे का बडा फरसी लेकर घूमते हुये पकड़े। पुलिस को सूचना मिली थी कि रणजीत सिंह रास्ते में आने जाने वालों को डरा धकमा रहा है। आरोपी के विरूद्ध थाना कापू में अप.क्र. 93/19 धारा 25 आर्म्स एक्ट की कार्यवाही की गई है।

## वृद्धाश्रम में अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस मनाया गया



**न्याय साक्षी/रायगढ़।** 1 अक्टूबर अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के उपलक्ष्य में पहाड़ मंदिर समीप स्थित वृद्धाश्रम में वृद्धजन सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस आयोजन में सुश्री अभिलाषा पैकरा, संतोष अग्रवाल, डॉ. टी.के.टोण्डर, अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन शाखा रायगढ़ के सदस्यगण, समाज कल्याण विभाग के प्रभारी आर.के.साहू उपस्थित थे। इस अवसर पर उपस्थित सभी वृद्धजनों को साल-श्रीफल से सम्मानित किया गया। सुश्री अभिलाषा ने अपने उदबोधन में कहा कि बुजुर्ग हमारे लिए सदैव सम्मानित व पूज्यनीय हैं हमें इनकी मूलभूत आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए इनका ख्याल रखना होगा। शासन भी बेहतर प्रयास किए जाने के लिए संकल्पित है। संतोष अग्रवाल ने कहा कि रेडक्रॉस सोसाइटी द्वारा वृद्धाश्रम में निवासरत वृद्धजनों की नियमित चिकित्सा जांच व उपचार की व्यवस्था की गई है। नियमित आहार, स्वच्छता, स्वास्थ्य एवं अन्य आवश्यकताओं का विशेष ध्यान रखा जाता है।

## कठली में अवैध शराब बेचते आरोपी पकड़ाया

**न्याय साक्षी /रायगढ़।** कलेक्टर यशवंत कुमार ने सहायक आयुक्त आबकारी को अवैध मदिरा की विक्रय एवं परिवहन के रोकथाम के लिए निर्देशित किया है।



उल्लेखनीय कि पुसौर क्षेत्र के गांव कठली के रविशंकर निषाद भारी मात्रा में अपने घर से शराब बेचते हुए पाये जाने की सूचना पर आबकारी टीम ने दबिश देकर रविशंकर निषाद के घर की तलाशी ली। जिसमें कमरें में छुपाकर रखे हुए दो जरीकेन शराब बरामद हुई। दोनों जरीकेनों में 5-5 लीटर शराब पायी गई, जिससे 56 पाउच बनाने की तैयारी थी। आरोपी को आबकारी एक्ट की धारा के तहत गिरफ्तार कर रायगढ़ से रिमाण्ड पर जिला जेल दाखिल किया गया है।

एडीईओ रमेश अग्रवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि छत्तीसगढ़ में पांच लीटर से अधिक मात्रा में शराब के अवैध निर्माण, बिक्री, परिवहन या तस्करी पर धारा के तहत कार्यवाही की जाएगी। प्रकरण की विवेचना पूर्ण कर चालान न्यायालय में प्रस्तुत होता है। इन मामलों में जमानत हेतु कठोर प्रावधान किए गए है। तस्करी करते वाहन को जप्त कर कलेक्टर कोर्ट में पृथक से केस चलता है, जिससे वाहन को राजसात करने हेतु सुनवाई होती है।


## नवरात्रि पर्व पर बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान अंतर्गत कार्यक्रम आयोजित





**न्याय साक्षी/रायगढ़।** विकासखण्ड स्तरीय नवरात्रि पर्व पर बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान अंतर्गत कार्यक्रम का आयोजन 1 अक्टूबर को दोपहर 12 बजे शास.कन्या उ.मा.वि.रायगढ़ में किया गया। जिसमें शास.एवं अशास.विद्यालय के विद्यार्थी शामिल हुए। यह कार्यक्रम वाद विवाद-विषय जेण्डर समानता, चित्रकला प्रतियोगिता थीम बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, प्रश्नोत्तरी 3 भागों में आयोजित किया गया। उक्त कार्यक्रम के वाद-विवाद प्रतियोगिता से पक्ष में प्रथम स्थान प्रीति भट्टाचार्य, कक्षा-दसवीं इंडियन स्कूल रायगढ़, द्वितीय स्थान-चंचल डालमिया, कक्षा-11 वीं आदर्श बाल मंदिर रायगढ़, तृतीय स्थान मेघा यादव कक्षा-12 शास.कन्या उ.मा.वि. रायगढ़, चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्रेणा जांगड़े कक्षा 11 वीं शास.कन्या उ.मा.वि.रायगढ़, द्वितीय स्थान अमिषा पटेल कक्षा-12 वीं, शालिनी कान्वेन्ट स्कूल रायगढ़, तृतीय स्थान अमर सिदार कक्षा-10 वीं, इंडियन स्कूल रायगढ़, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान स्वराज महापात्र व लीसा बरेठ की जोड़ी कक्षा 9 वीं शालिनी कान्वेन्ट स्कूल रायगढ़ से, द्वितीय स्थान काजल कला कक्षा 10 वीं व गायत्री सोनी कक्षा 12 वीं की जोड़ी शास.कन्या उ.मा.वि.रायगढ़, तृतीय स्थान गरिमा वस्त्रकार व कमलेश दर्शन कक्षा 11 वीं के छात्र इंडियन स्कूल रायगढ़ से। इस कार्यक्रम में विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी सी.के.घृतलहरे, सहा. विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी एस.के.पटेल, डी.पी.पटेल, प्राचार्य ए.के. जायसवाल शास.कन्या उ.मा.वि. रायगढ़ व मनीष सिन्हा एवं प्रभारी शिक्षक व शिक्षिकाएं उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम का मंच संचालन अनिल कुमार गुप्ता व्याख्याता शास.कन्या उ.मा.वि. रायगढ़ के द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में विद्यार्थी के द्वारा बढ़-चढ़कर भाग लिया गया। यह कार्यक्रम जिला स्तर पर 4 अक्टूबर को पालीटेक्निक ऑडिटोरियम में आयोजित होगी। जिसमें रायगढ़ जिले के सभी विकासखण्ड के चयनित प्रतिभागी भाग लेंगे।



### राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष नंदकुमार साय का दौरा कार्यक्रम

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष नंदकुमार साय 4 अक्टूबर को रायपुर से प्रस्थान दोपहर 12.31 बजे रायगढ़ आयेंगे एवं ग्राम-भगोरा के लिए प्रस्थान करेंगे।

### बनोरा आश्रम में सप्तमी आज

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** मानव सेवा को समर्पित संस्थान अघोर गुरु पीठ ट्रस्ट बनोरा में शारदीय नवरात्र के उपलक्ष्य में शुक्रवार को सप्तमी पूजा एवं माता का डोला निकाला जाएगा। शनिवार को अष्टमी निशा पूजा होगी द्य वही सोमवार को नवमी का आयोजन होगा द्य इस संबंध की जानकारी अघोर गुरु पीठ ट्रस्ट प्रबंधन की ओर से समस्त श्रद्धालुजनों हेतु दी गई है।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO Ñ- CHHHIN/2018/76480